## खबर संक्षेप

### तय समय में सदस्यता लक्ष्य को साधना आवश्यक : जयराम



**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री जयराम दास आमजनों से संपर्क कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सरगुजा प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान संगठन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। कार्यकर्ताओं को तय समय में निर्धारित लक्ष्य को साधना आवश्यक है। घर-घर तक पहुंच कर कार्यकर्ता आमजन से संपर्क बनाएं और संवाद स्थापित कर भाजपा से जुड़ने का आग्रह करें। जनता के मध्य जाने का लाभ पार्टी को अवश्य मिलेगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा रथ यात्रा के माध्यम से गांव शहर के सभी स्थानों में पहुंचकर युवाओं को ऑनलाइन सदस्यता के माध्यम से पार्टी से जोड़ रही है। इस दौरान अंकित शर्मा, संजीव वर्मा, अंशुल श्रीवास्तव, सुशांत सिंह, उमेश चतुर्वेदी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्पर्धा के विजेताओं को किया सम्मान



**जगदलपुर।** वन प्राणी सरंक्षण सप्ताह में शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मान किया गया। इसमें परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा की ओर से किया गया। स्पर्धा में अतिथि सीसीएफ आरसी दुग्गा, वन विद्यालय की संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, सामाजिक वानिकी की डीएफओ समा फारूकी ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देने के साथ-साथ वन्य प्राणियों का हमारे जीवन में महत्व को समझाया।

### दुर्गा मंदिर में पंचमी पर हुआ हवन



**जगदलपुर।** नवरात्र पर बस्तर अंचल के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से देर रात तक देवी की पूजा अर्चना और कई धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। दरभा ब्लाक मुख्यालय के दुर्गा सिद्ध शक्तिपीठ में सोमवार को पंचमी के अवसर पर हवन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर देवी की पूजा की और हवन में आहुति दी। बताया गया कि 3 अक्टूबर को घट स्थापना के साथ नवरात्र शुरू हो गया है। 10 अक्टूबर को दुर्गा अष्टमी पूजा की जाएगी। वहीं 11 अक्टूबर को दुर्गा नवमीं पूजा होगी। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। 12 अक्टूबर को कलश विसर्जन किया जाएगा। मंदिर में तेल और घी के ज्योत श्रद्धालुओं ने जलाए हैं।

### आनंद मेले में समाज के व्यंजन का चखा स्वाद

# सिंधी पंचायत के डांडिया और गरबा में शामिल होकर लोगों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





सिन्धी पंचायत के तत्वावधान में नवरात्रि पर्व पर 3 दिवसीय कार्यक्रम में जगराता, डांडिया एवं गरबा उत्सव की धूम रही। मातृ शक्तियों ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर मातारानी से समाज हित में खुशियां मांगी। सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि 7 वें वर्ष में डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया गया। जगराता कार्यक्रम में मां भवानी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की गई। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष शिवम बसन्तवानी ने जगराता के लिए पवन म्युजिकल गुरप को आमंत्रित कर भजन संध्या करवाया। समाज की महिलाओं ने जगराते का आनन्द लिया साथ ही मां भवानी से समाज, शहर, प्रदेश के लिए शांत वातावरण व सभी के लिए शुभकामनाएं की। डांडिया एवं गरबा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। संरक्षक उधाराम मूलचंदानी ने मां जगदम्बा के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की। सुहिणी सोच महिला विंग ने गरबा नृत्य शैली में मां भवानी से आशीष लिया। सेवा समर्पण टीम एवं समाज सदस्यों ने डांडिया खेलकर साई झूलेलाल के भजनों में आनन्दित रहे, सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। सचिव हरेश नागवानी एवं सांस्कृतिक सचिव राजेश दुल्हानी ने बताया कि डांडिया एवं गरबा उत्सव में सिन्धु भवन में आनन्द मेले का कार्यक्रम किया गया। सिन्धी व्यंजनों का स्वाद समाज सदस्यों ने लिया। डांडिया एवं गरबा उत्सव के दूसरे दिवस सुहिणी सोच महिला विंग ने सिन्धियत से जुड़े सवाल एवं अपनी पंचायत से सम्बंधित सवाल किए, जिन्होंने सही जवाब दिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सुनील दण्डवानी, विशाल दुल्हानी, बृजलाल नागवानी, गुलशन माधवानी, सुरेश मेठानी, किशोर मनवानी, बसन्त मेघानी, सुनील नानकानी, अनिल हासानी, शंकर नानकानी, सन्तोष बजाज, जितेंद्र नागरानी, भीखू दुल्हानी, दीपक नवतानी, राजेश ओटवानी, राहुल दुल्हानी, मोहित दण्डवानी, हिमांशु लच्छवानी, चंद्रा देवी नवतानी, रजनी दण्डवानी, पुष्पा मनवानी, अनिता दुल्हानी, भारती लालवानी, अमृता मूलचंदानी, पायल मूलचंदानी, ऋचा नानकानी, दीपा नागवानी, सीमा आहूजा, बबिता दुल्हानी, दिव्या रूपरेला, माया माधवानी, प्रीति लालवानी, सुनीता मेठानी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह पर शहर में निकली बाइक रैली

### वन व वन्य प्राणियों के सुरक्षा पर लोगों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के 2 से 8 तारीख तक मनाया है। जिसमें वनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण संवर्धन हेतु जन सामान्य एवं स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे चित्राकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं क्विज का आयोजन किया गया है। इसमें बस्तर वन मण्डल द्वारा 7 अक्टूबर को स्कूली बच्चों हेतु निबंध लेखन, चित्राकला प्रतियोगिता का आयोजन शहर के वन विद्यालय में किया गया। स्पर्धा के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा पहली से बारहवीं तक के स्कूली छात्रा छात्राओं ने भाग लिया। मंगलवार को बस्तर वनमण्डल के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा शहर में लोगों को जागरुक करने हेतु बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस बाईक रैली को सीसीएफ आरसी दुग्गा एवं वन मण्डल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन, एसडीओ योगेश रात्रे, देवलाल दुग्गा के नेतृत्व में किया गया।

## देवी दंतेश्वरी दर्शन करने दंतेवाड़ा पहुंचे दीपक...





जगदलपुर। नवरात्रि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मंगलवार को सपरिवार दंतेवाड़ा पहुंचकर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी दर्शन किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।

## बंगीय समाज दुर्गोत्सव का 41वां वर्ष विधि विधान से शुरू हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- देवी दुर्गा की प्रतिमा के आकर्षक रूप के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

बंगीय समाज के तत्वावधान में 41वां सार्वजनिक दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 8 अक्टूबर को संध्या 6 बजे शारदीय दुर्गा देवी का बोधन हुआ। 9 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक कल्पारंभ, पुष्पांजलि, आमंत्रण एवं अधिवास सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 10 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से संध्या 6.30 बजे तक नव पत्रिका स्थापना, सप्तमी पूजा, चंडीपाठ, पुष्पांजलि, प्रसाद वितरण, संध्या आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 अक्टूबर को प्रातः 4 बजे से 7.15 बजे तक अष्टमी पूजा, चंडीपाठ, संधी पूजा, नवमीं में प्रातः 7.30 बजे से प्रातः 9 बजे तक महा नवमीं पूजा, चंडीपाठ, पुष्पांजलि व हवन होंगे। महाभोग प्रसाद वितरण दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। 7 बजे संध्या आरती व रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 12 अक्टूबर को विजय दशमी में प्रातः 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक विजया दशमी पूजा, पुष्पाजंलि, दर्पण विसर्जन, अपराजिता पूजा, प्रसाद वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता, उल्लू ध्वनि, शंख ध्वनि एवं आरती प्रतियोगिता की जाएगी। 13 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के साथ शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। 14 को विजया सम्मेलनी, 16 को महालक्ष्मी पूजा, 31 अक्टूबर को श्यामा काली पूजा के साथ महायज्ञ, प्रसाद वितरण किया जाएगा।



## गांव-गांव पहुंच रही रथयात्रा, भाजपा की खुबी बताकर बना रहे सदस्य

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की सदस्यता रथ यात्रा मंगलवार को नानगुर मंडल के पंडरीपानी, डिमरापाल जाटम, परपा, नानगुर, पुसपाल बाजार एवं विभिन्न ग्रामों के चौक चौराहे में पहुंची। छोटे-छोटे बाजार के व्यापारियों, दुर्गा पंडालों में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा के किए गए कार्योंं के बारे में बताकर आमजन को सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं। सदस्यता प्रभारी लक्ष्मण झा ने बताया कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर पंचायत में पहुंच रहे है। युवाओं में उत्साह है और भाजपा की कार्यपद्धति को देखते हुए युवा भाजपा के सदस्य बन रहे है। इस अवसर पर अविनाश श्रीवास्तव, विनोद पांडे, अभिषेक तिवारी, हरी राम मंडावी, भरत सिंह ठाकुर, जयमोहन शर्मा, अमर गुप्ता समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- हमारी प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा थीम पर विचार व्यक्त



कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के वानिकी और वन्यजीव अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को वन्यजीव उजागर संरक्षण रणनीति की खोज विषय पर पैनल चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 170 वें राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसमें वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने सेफगार्डिंग आवर नेचुरल हेरिटेज (हमारी प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा) थीम पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने वन्यजीवों के प्राकृतिक रहवास में हो रही कमी और पर्यावरण विघटन जैसे मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के लिए जनजागरूकता आवश्यक है और छत्तीसगढ़ के वन्यजीव विविधता को और बेहतर बनाने की दिशा में हमें काम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई ने वन्यजीव संरक्षण में समाज और विशेषकर युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इकोटूरिज्म आज स्वरोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है और इसके लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक और वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला के विभाग प्रमुख प्रो. डॉ. शरद नेमा ने विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत एक विकासशील देश है और वन क्षेत्र में कई विकास कार्य हो रहे हैं, लेकिन इन कार्यों के साथ-साथ वनों और वन्यजीवों का संरक्षण भी अत्यावश्यक है।

### जागरुकता का प्रयास

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने कहा कि इसी तरह वन्य जीव संरक्षण एवं जागरुकता पर कांगेर घाटी हमेशा प्रयास करता रहेगा। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान के वन्यजीव शोधार्थी युगल जोशी और सोशल मीडिया हैंडलर सुमन भास्कर ने भी वन्यजीव संरक्षण पर अपने अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय उद्यान के बीट फारेस्ट ऑफिसर, मैना मित्र ने भी छात्रों को वन्यजीव सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इस समूह चर्चा में वन्यजीव संरक्षण के संबंधित कई 9 विषय पर चर्चा किया गया। इसमें निकले महत्वपूर्ण तथ्यों को अभिलेखित किया गया, जो आने वाले समय में वन्यजीव संरक्षण हेतु रणनीति बनाने में मददगार होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. संजीवन कुमार, अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रीति दुबे और अन्य शिक्षाविदों ने भी कार्यक्रम शामिल हुए।

## एथलेटिक्स, फुटबाल, कबड्डी और शतरंज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- एकलव्य विद्यालयों की प्रतियोगिता में बास्तानार अव्वल, बेसौली को दूसरा स्थान



राष्ट्रीय शिक्षा सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स के निर्देशानुसार जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ जिसमें एकलव्य विद्यालय कोड़ेनार, बास्तानार के छात्रों ने अधिकतर प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराया। खेल परिसर में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे प्रतिभाशाली छात्रों ने जीत सुनिश्चित करते हुए संभागीय प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया। एकलव्य कोड़ेनार ने अधिकतर प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। द्वितीय स्थान पर बेसौली तथा तृतीय स्थान पर तोकापाल विद्यालय के छात्रों ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वालीबाल, फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, शतरंज प्रतियोगिताओं से प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिससे वे अपनी प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार कर आदिवासियों के साथ-साथ देश को एक नई पहचान दिला सके। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अन्त में प्राचार्य ने संबोधन के साथ खेल समारोह का समापन किया। इस अवसर पर डॉ.ऊषा शुक्ला, जी. शिवा रेड्डी, सालिग राम पचौरी, सरोज मरकाम, लक्ष्मीनाथ गढमिया, मुकेश सैनी सहित प्रभारी, रैफरी, मंच संचालक, छात्र-छात्राएं तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आंध्र के काकीनाड़ा में 3 दिवसीय संगोष्ठी में 6 राज्यों के 3 सौ विशेषज्ञ रहे मौजूद

# महिलाओं से अत्याचार में दातों के निशान अहम, अपराधियों की होती है पहचान : सूरी बाबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





हत्या जैसे जघन्य अपराध व महिलाओं से होने वाले अत्याचारों में अपराधियों की पहचान के लिए दांतो के निशान व शव के ऊपर पाए जाने वाले मक्खियों की इल्लिया (मैंगेट्स) की अहम भूमिका होती है जिससे मौत का समय व अपराधियों की तलाश में मदद मिलती है। यह कहना था बस्तर के विख्यात सेवानिवृत संयुक्त संचालक व फारेसिंक विशेषज्ञ डॉ. वी सूरीबाबू का जो उन्होनें आध्रं के काकीनाड़ा स्थित रंगराय मेडिकल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय मेडिकोलीगल की 20 वीं वार्षिक संगोषी के अवसर पर कही।

डॉ वी सूरी बाबू ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि दक्षिण भारत मेंडिकोलीगल एसोशिएशन द्वारा आध्रंप्रदेश मेडिकल काउंसलिंग के सौजन्य से संगोष्ठी का आयोजन किया गया था जिसमें देश के अलग अलग राज्यों से आए विशेषज्ञों ने अपनी अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आन्ध्रप्रदेश मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ रमेश ने बतौर मुख्य अथिति कहा कि आजकल युवतियों में फोरेसिंक मेडिसिन पीजी कोर्स करने के लिए उत्साह दिख रहा है यह एक हर्ष की बात हैं। वहीं कार्यक्रम का समापन अवसर पर 29 सितम्बर को मुख्य अतिथि आध्रं के ऐलुरू रेंज आईजी अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आध्रं के अलावा कुछ अन्य राज्यों में सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से चिकित्सकों के नहीं होने व चिकित्सा कार्यों में व्यस्त होने से शव परीक्षण में बहुत विलम्ब होता है। वहीं मंगलुर मेडिकल कॉलेज का प्रोफेसर डॉ ब्रिदा भट ने बताया कि दक्षिण भारत में फोरेसिंक दांत विशेषज्ञ (ओडोन्टोलॉजी) का सेवाएं विकसित हो रही है जिससे महिलाओं के साथ अत्याचार प्रकरणों के पीड़िता के शरीर पाये जाने वाला दांतो का चिन्हों को जिसे दांतों का अंगुली चिन्ह कहते है इससे आरोपी की सही पहचान किया जा सकता है। इस संगोष्ठी में दक्षिण भारत के पांच राज्यों के साथ-साथ पांडीचेरी, गोवा, अंडमान निकोवार के कुल 3 सौ डेलिगेट्स जिसमें फॉरेसिंक मेडिसीन प्रोफेसर, विद्यार्थी, शोध छात्र व पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### अंधे कत्ल में शव की मक्खियां बताती है मौत का समय

डा सूरी बाबू ने बताया कि फरिसिंक साइंस का ज्ञान ही भविष्य का मार्ग है विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में उन्होंने अपना अनुभव साझा किया और बताया कि शव के ऊपर पाये जाने वाले मक्खियों की इल्लिया (मैंगेट्स) से फॉरेसिंक एन्टोलॉजी पद्धतियों द्वारा मृतक की मृत्यु का समय निर्धारण करने की तकनीक के बारे में एवं अपराध घटना स्थल से भौतिक साक्ष्य संग्रहित, सुरक्षित एवं परीक्षण अग्रेषित करने विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अंधे कत्ल जिसमें चश्मदीद गवाह नहीं होने की परिस्थितियों में भौतिक साक्ष्य रक्त, वीर्य, विसरा, हथियार एवं मृतकों के शरीर में उपस्थित कीड़ों के माध्यम से फॉरेसिंक तकनीकों को अपनाकर सही अपराधी की पहचान कर प्रकरणों का समाधान किया जाता है।

